चैत्र कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 259 पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
16 मार्च 2025 रविवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
20 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-5

### बंधक को मारने व पुलिस पर जानलेवा अटैक के बाद राजधानी पहुंची मऊगंज की आंच

# मऊगंज का मुजरिम कौन... मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश पर अफसरों ने डेरा डाला, धरपकड़ तेज

**भोपाल/रीवा,दोपहर मेट्रो,एजेंसी**

मप्र के मऊगंज जिले में दो गुटों में विवाद और फिर पुलिस पर हमले की घटना की गूंज भोपाल तक पहुंची है। इसमें एक एएसआई की मौत हो चुकी है और कई अफसर बुरी तरह घायल हैं। आज सीएम मोहन यादव ने इस मामले में सुबह फिर अफसरों से हालातों की जानकारी ली और हमलावरों पर सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएम के निर्देश पर डीजीपी कैलाश मकवाना भी घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं। उनके साथ एडीजी इंटेलिजेंस व रीवा रेंज प्रभारी भी पहुंचेंगे। आज सीएम यादव ने एक्स हैंडल पर लिखा कि - मऊगंज के शाहपुर थाना क्षेत्र के गड़रा गांव में दो गुटों के आपसी विवाद की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित पुलिस की टीम पर हुए दुर्भाग्यपूर्ण हमले में एएसआई रामचरण गौतम की जवाबी कार्रवाई में दुःखद मृत्यु हुई है। घटना में अन्य घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रीवा चिकित्सालय भेजा गया है। एडीजी रीवा जोन मौके पर पहुंच रहे हैं साथ ही मैंने डीजी पुलिस को मौके पर पहुंचकर पर्यवेक्षण के लिए निर्देशित किया है।

जानकारी के मुताबिक इस घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में धारा 163 लागू कर डीआईजी रीवा, एसपी मऊगंज सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया है। पूरे इलाके को छावनी बना दिया गया है। सतना जिले की पुलिस को भी अलर्ट पर रखा गया है। लंबे समय से आईजी का पद खाली- उधर रीवा रेंज की इस घटना के बाद अब कानून व्यवस्था और पुलिस के खुफिया तंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं। रीवा में करीब दो महीने से आईजी का पद भी रिक्त है। डीआईजी को आईजी का प्रभार दिया हुआ है। वहीं इस मामले में पुलिस की शुरूआती कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि करीब दो दिन तक युवक बंधक रहा और उसकी हत्या भी हो गई, पुलिसबल भी हमले का शिकार हो गया।

## कमरे में बंद होकर बचाई अफसरों ने जान



दरअसल, गड़रा गांव में आदिवासी परिवार ने एक युवक सनी द्विवेदी को बंधक बनाकर पीटा। पुलिस ने उसकी लाश बरामद की। बताते हैं कि कुछ दिन पहले एक दुर्घटना में एक आदिवासी की मौत हुई थी लेकिन आदिवासी परिवार इसे हादसा नहीं हत्या मान रहा था और सनी पर आरोप लगा रहा था और होली के दिन उसे पकडकर ले आए थे। करीब दो दिन वह आदिवासियों की गिरफ्त में रहा। उसे बचाने पहुंचे टीआई समेत पुलिस की टीम पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। इस दौरान करीब संख्या में आदिवासी वर्ग के लोग एकत्र थे। इसी हमले में एएसआई रामगोविंद गौतम की मौत हो गई। टीआई संदीप भारती के सिर पर गंभीर चोट है। हनुमना तहसीलदार कुमारेलाल पनका को भी पीटा गया है, जिसमें उनके हाथ-पैर में फ्रैक्चर है। इसके अलावा 8 और पुलिसकर्मी हमले में घायल हैं। बताते हैं कि महिला एसडीओपी अंकिता शूल्या और एसआई आरती वर्मा ने खुद को गांव में ही एक कमरे में बंद करके जान बचाई। इसके बाद भारी पुलिस फोर्स पहुंचा। फायरिंग करते हुए पुलिस अंदर घुसी और बंधक बनी एसआई-एसडीओपी को बाहर लाई।

## पटवारी ने कहा- ध्वस्त हो चुकी कानून व्वस्था

एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि हम लगातार इस बात को उठा रहे हैं कि, राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। पहला प्रदेश बन गया जहां पुलिस की पिटाई होती है। एक दिन में तीन तीन जगह पुलिस की पिटाई होती है। इंदौर में पिटाई और फिर मऊगंज में पुलिसकर्मी की हत्या हो जाती है। एमपी की पुलिस अवैध धंधों का संरक्षण करती है, इसलिए पुलिस का डर खत्म हो चुका है। हालांकि भाजपा ने पटवारी के आरोपों का कडा प्रतिवाद किया है।

## रहमान को सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया



**चैन्नई, एजेंसी।** मशहूर संगीतकार एआर रहमान को चेन्नई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें सीने में दर्द हुआ था। हाल ही में उनकी पूर्व पत्नी सायरा बानो की भी सर्जरी हुई थी। उन्होंने रहमान के सपोर्ट के लिए उन्हें शुक्रिया कहा था। ऑस्कर अवॉर्ड विजेता रहमान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टर उनकी गहन निगरानी कर रहे हैं। उम्मीद की जा रही है कि वह जल्द ही अस्पताल से घर आएंगे। बताते हैं हाल में रहमान जब विदेश से आए तो उन्होंने गर्दन में दर्द होने की शिकायत की। इसके बाद उन्हें सीने में दर्द हुआ।

## अब भागलपुर में पुलिस की टीम पर हमला, तीन घायल


**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार में अपराधियों का मनोबल आसमान पर है। मुंगेर व अररिया में दो एएसआई की हत्या के बाद अब ताजा मामला भागलपुर जिले का है, जहां झगड़ा सुलझाने गई पुलिस टीम पर लोगों ने पथराव कर दिया। इस घटना में सब इंस्पेक्टर सहित तीन सिपाही और एक चौकीदार घायल हो गये। पथराव की वजह से पुलिस वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ। फिलहाल पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीती रात बच्चों के बीच विवाद हुआ था। दोनों पक्षों के लोग झगड़ा सुलझाने की जगह बजाए एक दूसरे से भिड़ गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों के विवाद को सुलझाने लगी। इसी बीच कुछ लड़कों ने पुलिस पर गिट्टी-पत्थर फेंकने लगे। देखते ही देखते दोनों तरफ से अब सयाने लोग भी रोजेबाजी करने लगे।

## भीषण बवंडर की चपेट में कई राज्य, 34 की मौतें

**न्यूयार्क।** अमेरिका में अरकंसास, कैनसस, मिसौरी, इलिनॉय समेत करीब 6 दक्षिणी राज्य टॉरनेडो (बवंडर) की चपेट में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इन राज्यों में अब तक 26 टॉरनेडो आ चुके हैं। शनिवार और रविवार को अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है। मिसौरी में सबसे ज्यादा 12 मौतें हुई हैं। कैनसस में धूलभरी आंधी के चलते हाईवे पर लगभग 50 गाड़ियां टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हुई। मिसिसिपी में 6 लोगों की मौत हो गई और तीन लापता हैं।

## हूती विद्रोहियों पर एयरस्ट्राइक, ट्रंप ने खुद मॉनिटरिंग की

### अब तक 24 मौतें, ईरान को भी दी चेतावनी





**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर जमकर भड़के हुए हैं। बीती रात अमेरिका ने एयरस्ट्राइक कर हूती विद्रोहियों का खात्मा शुरू किया है। ट्रंप इस कदर गुस्सा हैं कि उनके आदेश पर बड़े पैमाने पर सैन्य हमले में अब तक 24 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने खुद खड़े रहकर इन हमलो की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। ट्रंप ने हूती विद्रोहियों को कह दिया है कि अगर उनकी गतिविधियां नहीं रुकी तो वे उनकी जिंदगी को नरक से भी बदतर कर देंगे। ट्रंप ने हूती विद्रोहियों का समर्थन करने पर ईरान को भी चेतावनी देते हुए कहा है कि हूतियों के समर्थन को तुरंत बंद करना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हूती के हमलों से रक्षा के लिए राष्ट्रपति ट्रंप सख्त एक्शन ले रहे हैं। लंबे समय से अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय हितों को हूतियों से खतरा रहा है। उधर ट्रंप ने कहा कि मैंने यमन में हूती आतंकियों के खिलाफ अमेरिका के सैन्य हमले को मंजूरी दी है। हूतियों ने लाल सागर में अमेरिका और अन्य देशों के खिलाफ आतंक छेड़ा हुआ है. हमारे जहाजों और एयरक्राफ्ट पर ये लोग हमले कर रहे हैं। इनके प्रति बाइडेन का रवैया कमजोर था। अमेरिका ने चेतावनी दी कि अगर हूतियों ने अपना अभियान नहीं खत्म किया तो नरक की बारिश होगी।

## सौरभ की नकदी और सोना अब सरकार का !

**भोपाल,दोपहर मेट्रो**

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन सिंह गौर की इनोवा कार में मिले 11 करोड़ रुपए कैश और 52 किलो सोने को अब आयकर विभाग सरकारी खजाने में जमा कराने की तैयारी में है। वजह यह कि सौरभ, उसके सहयोगी चेतन और शरद जायसवाल ने अब तक हुई पूछताछ में कार में मिले सोने और नकदी पर अपना दावा नहीं किया है। जिस कार में यह मिला वह चेतन के नाम है लेकिन उसका लगातार कहना है कि इसका उपयोग सौरभ कर रहा था। ऐसे में आयकर विभाग स्टेट बैंक में जमा कराए गए सोने और नकदी की अप्रेजल रिपोर्ट जारी करने के बाद इसे सरकारी संपत्ति घोषित कर सकता है। हालांकि जांच जारी है। केंद्रीय जेल में बंद सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर से आयकर की इन्वेस्टिगेशन विंग ने कई दिनों तक पूछताछ की है। लोकायुक्त और ईडी की टीम की तरह आयकर विभाग की टीम को भी तीनों ने यह नहीं बताया कि मेंडोरी में जब्त किया गया सोना और नकदी उनका है।



## ग्वालियर के अस्पताल में ब्लास्ट के बाद लगी आग से मचा हड़कंप

**ग्वालियर, एजेंसी**



देर रात जयारोग्य हॉस्पिटल ग्रुप के कमलाराजा अस्पताल में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना रात करीब 1 बजे लेबर रूम के गाइनोकॉलजी आईसीयू में हुई, जहां एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण ब्लास्ट हुआ। इसके बाद देखते ही देखते आग फैल गई। इस दौरान आईसीयू और आसपास के वार्डों में कुल 22 मरीज भर्ती थे, जबकि लेबर रूम में करीब 100 और पीडियाट्रिक्स वार्ड में 50 मरीज मौजूद थे। आग लगने के बाद अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल प्रशासन और मेडिकल स्टाफ की मुस्तैदी के चलते सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया व सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शिफ्ट किया।

## मोस्ट वांटेड आतंकी अबू पाकिस्तान में मारा गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लश्कर-ए-तैयबा का मोस्ट वांटेड आतंकी अबू कताल बीती रात पाकिस्तान में मारा गया। पंजाब जिले में अनजान हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल लश्कर का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था। इसमें 10 लोगों की जान गई थी।

## दो-तीन डिग्री नीचे सरका पारा, बादल आए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत में एक बार फिर बदले मौसम का असर मध्यप्रदेश में नजर आने लगा है।होली पर दिल्ली में हुई बारिश के बाद मप्र के भोपाल से लेकर सागर और आसपास के क्षेत्रों में भी दलों का डेरा दिखाई देने लगा है। अगले तीन दिन यह बादल और धूप की आंखमिचौनी हो सकती है। जिससे तापमान में उतार च?ाव जारी रहेगा। अभी पांच दिन से दिन का तापमान 37-38 डिग्री के बीच स्थिर बना हुआ है जो 2 डिग्री तक खिसक जाएगा व गर्मी के तेवरों पर ब्रेक लगेगा। हालांकि मार्च का आखिरी सप्ताह तीखी गर्मी वाला होगा। आने वाले तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

### मेट्रो एंकर

### 'चुनाव हारा या मंत्री नहीं बना तो मर नहीं जाऊंगा, अपने सिध्दांत पर चलूंगा'

# गडकरी उवाच: जो करेगा जात की बात उसको मारुंगा ला...

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सीनियर लीडर नितिन गडकरी अक्सर ऐसी बातें कहते हैं जिनका अर्थ बहुत गहरा होता है,ऐसी बातें कहते हुए वे किसी 'अतिरिक्त सावधानी' से भी बेपरवाह दिखते हैं। अब एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कह दिया- जो करेगा जात की बात, उसको मारूंगा कस के लात। एक अल्पसंख्यक संस्थान के दीक्षांत समारोह में गडकरी ने कहा, मैं धर्म और जाति की बातें सार्वजनिक रूप से नहीं करता। समाज सेवा सबसे ऊपर है। चाहे चुनाव हार जाऊं या मंत्री पद चला जाए, अपने इस सिद्धांत पर अटल रहूंगा। मंत्री पद नहीं मिला तो मर नहीं जाऊंगा। उन्होंने कहा कि हम कभी भी जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते। मैं राजनीति में हूं और यहां कई तरह की बातें होती हैं। लेकिन मैंने अपने तरीके से काम करने का फैसला किया है। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि कौन मुझे वोट देगा।



दरअसल, गडकरी के पहले के भी कई बयान चर्चित रहे हैं। करीब छह महीने पहले उन्होंने कहा था कि शासक को ऐसा होना चाहिए कि कोई उसके खिलाफ बात करे, तो उसे बर्दाश्त करे। आलोचनाओं का आत्मचिंतन करे। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा होती है। पुणे में वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में पुस्तक विमोचन ने उन्होंने कहा था कि साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और कवियों को अपने विचार खुलकर और दृढ़ता से व्यक्त करने चाहिए। आजकल राजनीति में जो हो रहा है, वह दूसरी जगहों (विदेशों में) पर भी हुआ है। वहां पार्टियों का अस्तित्व तक खत्म हो गया। इससे पहले 15 सितंबर को गडकरी ने कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इंजीनियर्स डे पर कहा था- हमारे देश में किसी भी काम को पूरा करने के लिए पारदर्शिता की जरूरत होनी चाहिए। मगर कई बार हालात ऐसे होते हैं कि सड़कों के गड्ढे भरने के लिए भी बॉस का आदेश चाहिए होता है। हमारे यहां 'न्यूटन के पिता' हैं, जितना वजन फाइल पर डालोगे, उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगी।

### मुस्लिम आईपीएस-आईएएस बने तो सबका विकास

गडकरी ने यह भी बताया कि उन्होंने एमएलसी रहते हुए एक इंजीनियरिंग कॉलेज की अनुमति अंजुमन-ए-इस्लाम संस्थान (नागपुर) को ट्रांसफर कर दी थी। उन्हें लगा कि मुस्लिम समुदाय को इसकी ज़्यादा जरूरत है क्योंकि अगर मुस्लिम समुदाय से ज्यादा इंजीनियर, आईएएस और आईपीएस अफसर बनेंगे तो सबका विकास होगा। गडकरी बोले, हमारे पास पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण है। आज अंजुमन-ए-इस्लाम के बैनर तले हजारों छात्र इंजीनियर बन चुके हैं। अगर उन्हें पढ़ने का मौका नहीं मिलता, तो कुछ नहीं हो पाता। शिक्षा की यही ताकत है। यह जीवन और समुदायों को बदल सकती है।

## तीखी धूप और गर्मी...



भोपाल. राजधानी सहित पूरे प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ गया है। तापमानों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इन दिनों प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 5 डिग्री अधिक बने हुए हैं। ऐसे में लोगों को तीखी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आगे भी इसी तरह हालत रही तो तापमान के 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।



### होली मिलन समारोह आयोजित

भोपाल के इन्द्र पुरी नगर निगम स्वास्थ्य कर्मियों का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया


### 1 अप्रैल से लागू करने की तैयारी में है सरकार, चार महीने पहले की थी होल्ड

# नई गाइडलाइन का विरोध हुआ तेज जनप्रतिनिधि व रियल एस्टेट लामबंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी की 1283 लोकेशन पर औसमत 18 फीसदी तक कलेक्टर गाइडलाइन दरें बढ़ाने के प्रस्ताव पर विरोध के कई सुर उभर रहे हैं। इस पर 19 मार्च की शाम तक दावे-आपत्ति का समय है और 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन लागू करने की तैयारी है। जनप्रतिनिधि भी अनमने हैं और भाजपा विधायक ही इसके विरोध में नजर आ रहे हैं। वहीं क्रेडाई सदस्यों का कहना है कि बिना मास्टर प्लान के लैंड यूज में बदलाव हो रहा है।

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि सारे जनप्रतिनिधियों की मीटिंग होना जरूरी है। खास बात यह है कि शर्मा नवंबर-24 में भी साल की दूसरी (संशोधित) गाइडलाइन का विरोध कर चुके हैं। तब कई लोकेशन ऐसी थी, जहां 200 फीसद तक वृद्धि प्रस्तावित थी। इस पर वे डिप्टी सीएम जगदीश देव?ा से भी मिले थे। इसके बाद भोपाल की गाइडलाइन होल्ड कर दी गई थी। अब



फिर से नई गाइडलाइन प्रस्तावित की गई है। इस मामले में सांसद शर्मा का कहना है कि वाकई में कई लोकेशन के जरूरत के हिसाब से रेट ब?ाने के प्रस्ताव है। ऐसा रास्ता निकालना चाहिए, जिससे आम लोगों को राहत मिले और सरकार को भी राजस्व का नुकसान न हो। इसे लेकर मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, जिपं अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक होना चाहिए। इसमें चर्चा के बाद ही गाइडलाइन लागू हो। क्रेडाई (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि, भोपाल में प्रॉपर्टी के लैंड यूज पिछले 20 साल से यथावत रखे गए हैं। लेकिन गाइडलाइन दर और संपत्ति के मूल्यांकन में हर साल बदलाव हो रहा है। प्रॉपर्टी की वास्तविक कीमत जानने की कोई वैज्ञानिक विधि निर्धारित नहीं है। गाइडलाइन दरों में बदलाव के उल्लेखित सिद्धांतों में कई बिंदू सिर्फ अनुमान पर आधारित हैं। अनियोजित राजधानी में प्रस्तावित इन्फ्रास्ट्रक्चर की घोषणा से जमीनों की कीमतों में अवांछनीय बढ़ोतरी हो रही है।

### प्री कोविड लेवल तक लाने की मांग

बताया जाता है कि इंदौर के मुकाबले भोपाल में सर्किल रेट में कई गुना वृद्धि पहले ही हो चुकी है। जिससे संपत्ति बाजार अस्थिर हो गया है। परिणाम यह है कि भोपाल में निवेश में कमी आई है और संपत्तियों की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं कि निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना एक बड़ी चुनौती बन गया है। सर्किल रेट बढ़ाने से प्रापर्टी टैक्स में सीधी वृद्धि होती है। मीक ने मांग की है कि सरकार गाइडलाइन रेट प्री-कोविड ईयर के स्तर पर लाए। तीन वर्ष के स्टेबल लॉक-इन पीरियड की मांग है। नई प्रस्तावित गाइडलाइन को लेकर आपत्ति दर्ज करा रहे हैं। हालांकि, अब तक पूरी गाइडलाइन अपलोड ही नहीं की गई है।

### इस बार गाइडलाइन का

उल्लेखनीय है किर शहर की 1283 लोकेशन पर गाइडलाइन दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। औसत 18 फीसदी की बढ़ोतरी प्रस्तावित की गई है, जो तीन साल में सबसे ज्यादा है। करीब 100 लोकेशन पर रेट दोगुने या उससे ज्यादा बढ़ गए हैं। लोग आपत्ति और सुझाव देने के लिए 19 मार्च की शाम 5 बजे तक कलेक्टर कार्यालय, वरिष्ठ जिला पंजीयक कार्यालय परी बाजार और आईएसबीटी कार्यालय में आवेदन दे सकते हैं।

# एमपी बोर्ड : शिक्षक से गलत मूल्यांकन हुआ तो सौ रुपए जुर्माना भरना होगा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू हो गया। इसमें एक मार्च तक हुए दसवीं-बारहवीं के पेपर की कॉपियों का मूल्यांकन पहले चरण में किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक गलत मूल्यांकन कर एक नंबर बढ़ाता है, तो उन्हें सौ रुपए जुर्माना भरना होगा। एक मार्च के बाद होने वाले पेपरों का मूल्यांकन 19 मार्च से होगा। मंडल द्वारा मूल्यांकन जिला मूल्यांकन स्तर पर किया जा रहा है। राजधानी में मूल्यांकन केंद्र समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर को बनाया गया है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को मंडल ने अच्छे और बिल्कुल फिसड्डी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। ऐसे छात्र जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो अथवा जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हों, उनकी कॉपी दोबारा चैक की जाएगी। इनके अलावा एक या दो नंबर से किसी विषय में विशेष योग्यता या प्रथम श्रेणी को पात्रता से वंचित होने वाले परीक्षार्थियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसमें हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी।

**दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थियों की कॉपियों का पहले चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू**

**प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांच सकेंगे:** विद्यार्थियों की एक करोड़ से ज्यादा कापियों का मूल्यांकन करेंगे। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएगी। इसमें बारहवीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा। मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। हाईस्कूल की प्रति कापी चैक करने पर 12 रुपए व हायर सेकेंडरी के लिए 13 रुपए मिलेंगे। कापी बैंक करने की राशि के अलावा मूल्यांकनकर्ताओं को प्रतिदिन आने-जाने का भत्ता दिया जाएगा।

# मलयाली समाज ने लिया कन्नगी अवतार देवी का आशीर्वाद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारत अय्यप्पा सेवा संघम् द्वारा भोपाल में पाँचवां अट्टुकन पोंगला पूजा का आयोजन किया गया। अट्टुकल अम्मा के लिए गुड़ और नारियल के साथ चावल पकाए और देवी जो कन्नगी का अवतार हैं, उनका आशीर्वाद लिया।

बता दे अट्टुकन पोंगला पूजा में दस लाख से अधिक महिलाएं भारत के दक्षिणी शहर केरल में त्रिवेंद्रम में इकट्ठा होती हैं जब मलयालम महीने कुंभम (फरवरी-मार्च) में पूरम नक्षत्रम और पूर्णिमा एक साथ होते हैं। समाज के लोगों ने बताया कि एक मंदिर के अनुष्ठान से, अटुकल पोंगाला अब नारीत्व के उत्सव में बदल गया है। यह शक्ति का उत्सव है एक माँ, सभी चीजों की निर्माता या ब्रह्मांड की आदि ऊर्जा जो सभी दिव्य और ब्रह्मांडीय विकास को प्राप्त करती है। उससे, जो कुछ भी मौजूद है, वह सभी चीजों से पैदा हुआ था। सभी चेतन और निर्जीव उसकी रचनाएँ हैं और वह उनका पोषण करती है। यह शक्ति, महान माँ देवी है



**अट्टुकन पोंगला पूजा**

जिसे अनगिनत नामों से जाना जाता है, जिसकी पूजा पृथ्वी पर अटुकल पोंगाला पर उनके लाखों प्रतिनिधियों द्वारा की जाती है। भोपाल में बसे हिन्दू मलयाली समुदाय ने केरल की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपरा का पालन करते हु 2011 से अखिल भारत अय्यप्पा सेवा संघम् नारी शक्ति विंग के तत्वावधान में सक्रिय रूप से पोंगला पूजा का आयोजन श्री राम जानकी सिद्ध हनुमान मंदिर, अयोध्या नगर, भोपाल में कर रहा है। इस पूजा में विधायक रमेश्वर शर्मा ने पूजा स्थल का दौरा किया। अखिला भारत अय्यप्पा सेवा संघम् पोंगला संयोजिका शम्मी हरीश ने सूचित किया कि आज की पूजा में 101 महिला भक्तों ने भाग लिया। पूजा के सफल आयोजन के लिए नारी शक्ति समिति की सचिव सीमा दीपक, कोषाध्यक्ष राजी गोपीनाथ, सह संयोजिका अनीता पिल्लई और अन्य समिति सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। अखिला भारत अय्यप्पा सेवा संघम् भोपाल शाखा के अध्यक्ष सीए एम. एन. जी. पिल्लई, उपाध्यक्ष पी. अनिल कुमार नायर, सचिव टी. जी. अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष वी.के. मेनन और अन्य कार्यकारी समिति के सदस्य शामिल हुए।

# 12 लाख के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन, झूलेलाल मंदिर में शेड और गेट बनाया जाएगा

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



संतनगर के वार्ड चार में विकास कार्यों की सिलसिला जारी है। एमआईसी सदस्य व पार्षद राजेश हिंगोरानी ने शनिवार को भगवान झूलेलाल और राजावीर विक्रमादित्य मंदिर में 12 लाख रूपये के विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। मंदिर का गेट और मंदिर में शेड का निर्माण चैतीचांद से पहले पूरा कर लिया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में हिंगोरानी ने कहा संतनगर के सभी मंदिरों में दो-दो कुर्सियां रखवायी जाएंगी। हिंगोरानी ने मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी व अन्य विशिष्ठजनों के साथ विकास कार्य के लिए नारियल फोड़ा। हिंगोरानी ने कहा कि मैंने राजवीर विक्रमादित्य और झूलेलाल मंदिर में विकास कार्य का वादा किया था। कल से ही गेट और शेड बनाने का काम शुरू हो जाएगा। चैतीचांद से पहले दो विकास कार्य पूर हो जाएंगे। यहां सिंधी समाज के धार्मिक कार्य होते रहते हैं, शेड से छाया की व्यवस्था होगी। साथ ही संतनगर के वार्ड चार और पांच के हर मंदिर में दो-दो कुर्सियां लगवाई जा रही हैं। जिससे श्रद्धालु वहां बैठ भी सकें। वासवानी ने कहा, संतनगर में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधि करा रहे हैं। वैसे केन्द्र की मोदी और प्रदेश की मोहन यादव सरकार विकास की गति को बनाए रखने का काम कर रही है। उसी तरह संतनगर में भी विकास के काम हो रहे हैं। भूमिपूजन के मौके पर झूलेलाल मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी, दयाल डेटानी, राज मनवानी, नारायण दास लालवानी, राहुल राजपूत, महेश खटवानी, किरण वाधवानी व अन्य लोग मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**


### सेवासदन में यूरोलॉजी शिविर के सेवादारों का उत्प्रेरण सत्र

# यूरोलॉजी शिविर से नए सेवादारों को जोड़ना होगा- सिद्धभाऊजी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

यूरोलॉजी शिविरों में सेवा करने वाले सेवादार प्रभु की सेवा में लगते हैं और प्रभु के प्रति कृतज्ञता सेवा करके ही व्यक्त की जा सकती है। यह बात संत सिद्ध भाऊजी ने शनिवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में कही। वे 24 मार्च से आयोजित होने वाले 100वें निःशुल्क यूरोलॉजी शिविर के सेवादारों के उत्प्रेरण सत्र बोल रहे थे।

भाऊजी ने कहा कि यूरोलॉजी शिविरों में सेवा करने वाले सेवादारों की वर्तमान पीढ़ी उम्रदराज होने लगी है, इसलिए अब नए सेवादारों को जो?ना समय की मांग बन गया है। उन्होंने कहा कि सेवादारों की एक नयी पीढ़ी तैयार करने की जिम्मेदारी भी हम सब लोगों की है। जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने कहा कि विगत 50 साल में सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में संत नगर तथा आसपास के क्षेत्रों के 45 लाख



से ज्यादा जरूरतमंदों की सेवा और सहायता की गई है। उन्होंने कहा कि संत जी कहते थे सेवा से सेवा बढ़ती है और दान करने से धन बढ़ता है। संतजी के वचन आज साकार स्वरूप ले रहें हैं। दयारामानी ने कहा कि यूरोलॉजी कैम्प आयोजन एक ब?ा सेवा प्रकल्प है। यूरोलॉजी कैम्प केवल संतनगर में ही आयोजित किए जाते है। ए.सी. साधवानी ने कहा कि जीव सेवा संस्थान के सहयोग से यह 100वां शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और तुलसी आडवानी ने भी विचार व्यक्त किये। आभार प्रदर्शन करते हुए संत सेवक एल.सी. जनियानी ने कहा कि सभी सेवादारियों को संत जी ने सेवा और सिमरन का मार्ग दिखाया है। इसलिए सभी सेवादार पूर्ण निष्ठा समर्पण भाव से मरीजों की सेवा और सहायता करें। इस अवसर पर हीरो केसवानी, मुरली मूलानी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कुशल धर्मानी ने किया। भारती जनियानी ने कैम्प के लिए की गई पूर्ण तैयारियों और व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया।

# समाजसेवियों ने अपने साथी चोटरानी का जन्मदिन मनाया



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधु नव जागरण समिति के महासचिव व वरिष्ठ समाजसेवी नरेश कुमार चोटरानी का जन्मदिन मनाया गया इस अवसर पर चोटरानी का शाल व फूल मालाओं से स्वागत कर जन्मदिन की बधाई दी गई। बधाई देने वालों में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव नन्द दादलानी, सिंधु नव जागरण समिति के मुख्य सलाहकार घनश्याम लालवानी, उपाध्यक्ष महेश खटवानी, सहसचिव मनोहर सत्तानी, राजकुमार थावानी, सुरेश वासवानी, राकेश शेवानी ,बबलू टेकचंदानी शामिल हैं।

# ढाई सौ वर्ष पुरानी परंपरा को संभाल रही युवा पीढ़ी, अनरय की पंचायत का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

होली के त्यौहार पर जिन बुजुर्गों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व अनरय की पंचायत की परंपरा की शुरुआत की थी। उसे आज नई पीढ़ी कायम रखे हुए हैं। इस परंपरा का आयोजन हर वर्ष होली की धुलेंडी के अवसर पर किया जाता है। सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल के साथ इस पंचायत में मुस्लिम समाज के लोग भी शिरकत करते हैं।

हर वर्ष सदर बाजार स्थित चबूतरे पर अनरय की पंचायत बैठती है। चवूतरे पर पचांयत की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्दोष महाराज को सरपंच चुना गया। जिन परिवारों में गमी हुई थी उन्हें रंग लगाने का अधिकार दिया गया। और यह टोली उन परिवारों के यहां रंग गुलाल लगाकर अनरय दूर करने के लिए निकली घर घर पहुंच कर अनरय दूर करने के पश्चात पंचायत का लेखा-जोखा बताने के बाद अगले वर्ष तक के लिए इसका समापन कर दिया गया।

मालूम हो कि अनरय की पंचायत की परंपरा आज भी कायम है इस परंपरा को आज के युवा जिंदा रखे हुए हैं। जो



होली की धुरेड़ी पर हर वर्ष होने वाली पंचायत में शिरकत करके उन घरों में रंग गुलाल लगाने जाते हैं जहां किसी की मृत्यु होने के पश्चात पहली होली अनरय की होती है।

पंचायत की इस परंपरा से 5 पीढ़ियों से जुड़े परिवार के मुखिया अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित शशिसुंदर औदीच्य बताते हैं कि इस परंपरा को ढाई सौ वर्ष से अधिक समय हो चुका है। हमारे पूर्वजों ने जो परंपरा शुरू की थी उसे आज की पीढ़ी बराबर संभाल रही है। उन्होंने बताया कि भारत की आजादी से पहले ग्वालियर रियासत का शासन चलता था। उस समय छोटी बस्ती हुआ करती थी बस्ती के किसी मोहल्ले में यदि किसी परिवारों में मृत्यु हो जाती थी । तब होली की धुरेड़ी पर पंचायत का आयोजन होता था सब लोग एकत्रित होकर पंचायत में एक सरपंच का चयन करते थे। जिसे उस परिवार के अनरय दूर करने के लिए रंग गुलाल लगाने का अधिकार दिया जाता था।सरपंच ही उस परिवार में पहुंचकर रंग गुलाल लगाकर उस परिवार का अनरय दूर करता था।

## किसानों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

# फार्मर रजिस्ट्री के तहत गांव-गांव में किए जा रहे कैंप आयोजित

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में फार्मर आईडी रजिस्ट्री कार्य को गति देने हेतु कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना के निर्देशानुसार विभिन्न ग्रामों में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में, ग्राम डोंगरवाड़ा एवं कुलामड़ी में फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन के लिए आयोजित किए जा रहे विशेष शिविरों का निरीक्षण अपर कलेक्टर डी.के. सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने शिविरों में चल रही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का बारीकी से समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों से किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने हेतु तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



अपर कलेक्टर ने कहा कि किसान आईडी रजिस्ट्रेशन से किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शिविरों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सोहागपुर द्वारा ग्राम घोघरी एवं ग्राम उड़दौन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से चर्चा की और उन्हें रजिस्ट्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फार्मर आईडी रजिस्ट्री प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो और अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिले। सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत द्वारा भी तहसील डोलरिया में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया गया। जिले की अन्य ग्रामों में भी फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है जिसके लिए विभिन्न कैंपों के आयोजन द्वारा किसानों को सहायता प्रदान की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी कैंप में पहुँचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करें, जिससे उन्हें शासकीय योजनाओं एवं लाभकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### सीएम ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस की दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुरक्षा की सुनिश्चितता हर उपभोक्ता का मौलिक अधिकार है। इससे आर्थिक तंत्र मजबूत होता है, साथ ही उद्योगों में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है, जो भारत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व उपभोक्ता दिवस की बधाई देते हुए, प्रदेशवासियों से उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लेने का आह्वान किया है।

# बिजली उपभोक्ता सतर्कता एवं अन्य जांच के देयकों का करें ऑनलाइन भुगतान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के ऐसे बिजली उपभोक्ता जिन्हें बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों ने अनंतिम/अंतिम देयक जारी किये हैं, उनके भुगतान के लिए कंपनी की वेबसाइट portal.mpcz.in पर ऑनलाईन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि ऐसे व्यक्ति अथवा बिजली उपभोक्ता जिनके परिसर में बिजली के अनधिकृत उपयोग या फिर अन्य किसी भी अनियमितता के चलते बिजली कंपनी के सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें अनंतिम/अंतिम देयक जारी किया गया है, तो अब उसके भुगतान के लिए कंपनी के जोन/वितरण केन्द्र कार्यालय के साथ-साथ घर बैठे ही कंपनी की बेवसाइट portal.mpcz.in पर भी ऑनलाईन भुगतान कर सकते हैं।

कंपनी ने कहा है कि सतर्कता एवं अन्य जांच में कंपनी द्वारा जारी अनंतिम/अंतिम देयक के भुगतान के लिए संबंधित व्यक्ति/ उपभोक्ता कंपनी की वेबसाइट पोर्टल portal.mpcz.in ÂÚU LT Services में दिये गये View/Pay Bill पर क्लिक कर Vigilance bill विकल्प पर जाना होगा। इस विकल्प पर जाने के बाद ऑनलाइन भुगतान के लिये उपभोक्ता क्रमांक अथवा पंचनामा/पेज क्रमांक में से किसी एक विकल्प का चयन करने पर सतर्कता के अनंतिम/अंतिम बिल की जानकारी प्रदर्शित होगी। साथ ही पूर्व में जारी किये गये सतर्कता जांच के देयकों को भी पूर्ण विवरण के साथ व्यू बिल विकल्प के माध्यम से देखा जा सकेगा। उपभोक्ता निर्धारित प्रक्रिया का पालन कर अपनी सुविधानुसार ऑनलाइन भुगतान के लिये क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई अथवा क्यू आर कोड के माध्यम से आसानी से बिल का भुगतान कर सकते हैं।

## रिवर व्यू कॉलोनी में महिला मंडल ने जमकर उड़ाया रंग गुलाल, दी शुभकामनाएं



**नर्मदापुरम।** शहर की मालाखेड़ी रोड स्थित रिवर व्यू कॉलोनी में महिला मंडल द्वारा कॉलोनी की महिलाओं के साथ मिलकर जमकर रंग गुलाल उड़ाया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कॉलोनी में रहने वाली महिलाओं द्वारा कॉलोनी में रंग गुलाल और फाग के गीत गाए जाते हैं। इस मौके पर विष्णु कांता शर्मा, अनुजा मालवीय, सुनीता दुबे , पूर्णिमा त्रिपाठी, सरोज मालवी, अनुजा, प्रीति राणा, भारती यादव, प्रीति खरे, प्रतिमा सिंह, आरती द्ववेदी , पुष्पा अग्रवाल, सविता नायक , देवयानी पगारे, शालिनी सिंह, मयूरी जैन, रमा रघुवंशी, अनुजा श्रीवास्तव, शीतल श्रीवास्तव, सारिका सक्सेना, सुमन वर्मा सहित अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

## जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 18 को

**नर्मदापुरम.** जिला जल उपयोगिता समिति, नर्मदापुरम की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 18 मार्च 2025 को अपरान्ह 04.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला जल उपयोगिता समिति की अध्यक्ष, सुश्री सोनिया मीना करेंगी।

बैठक के दौरान तवा जलाशय में वर्तमान जल भंडारण की स्थिति की समीक्षा साथ ही ग्रीष्मकालीन (जायद) फसलों की सिंचाई वर्ष 2025-26 हेतु नहरों से जल प्रवाह संचालन की रूपरेखा एवं तिथियों का निर्धारण किया जाएगा। इसके अलावा, नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए प्रस्तावित रकबा, सिंचाई राजस्व वसूली तथा गेहूं उपार्जन प्रक्रिया से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

# एमपी की 1 हजार लोकेशन पर बढ़ेंगे जमीनों के रेट, समिति से मिली स्वीकृति

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

एमपी के नर्मदापुरम जिले में संपत्ति क्रय करना अगले वित्तीय वर्ष से महंगा हो जाएगा। जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति की बैठक में उप मूल्यांकन समिति की ओर से संपत्ति गाइड लाइन वृद्धि संबंधी प्रस्तावों पर स्वीकृति दे दी है। गाइड लाइन में जिले की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की 1671 लोकेशन में संपत्ति के दाम बढ़ाने सुझाव दिए थे। जिनमें से 1019 लोकेशन पर संपत्ति गाइड लाइन में 10 से 31 प्रतिशत तक की वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई।

गाइड लाइन के संबंध में पंजीयन विभाग दावे और आपत्ति बुलाए जाएंगे। सोमवार को केन्द्रीय मूल्यांकन समिति के समक्ष दाम वृद्धि संबंधी प्रस्ताव भेजा जाएगा।

जानकारी के मुताबिक समिति ने जिले में 473 नगरीय और 606 ग्रामीण लोकेशन पर गाइड लाइन बढ़ाने पर सहमती दी है। मुयालय के 139 शहरी और 95 ग्रामीण क्षेत्रों में 10 से 31 प्रतिशत तक दाम बढ़ाए जाएंगे। शहर में मुय बाजार में व्यवसायिक और आवासीय 20 प्रतिशत, रसूलिया के 4 वार्डों और फेफरताल, हरदा रोड, मालाखेड़ी, माखननगर रोड, कुलामढ़ी रोड पर भी 20 प्रतिशत दाम बढ़ाने को स्वीकृति मिली है। इस पर अंतिम निर्णय केंद्रीय मूल्यांकन समिति करेंगी।

नई गाइड़ लाइन में निर्धारित की गई दरों पर आमजन अपने संबंधित क्षेत्र के उप पंजीयक कार्यालय में दावे आपत्ति दे सकते हैं। दावे-आपत्ति पर विचार के बाद संशोधित प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन समिति के समक्ष भेजा जाएगा।




## युवा समाजसेवी मनीष कुर्मी ने मनाया जन्म दिवस

### झुग्गी बस्तियों में बांटे कपड़े और भोजन

**रक्तदान भी किया**



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

समाज में जन्मदिन मनाने के प्रचलन को नई दिशा देते हुए शहर के युवा समाजसेवी मनीष कुर्मी ने अपने जन्मदिन पर झुग्गी बस्ती में जाकर जरूरतमंद लोगों को कपड़े और भोजन सामग्री बांटी। एवं शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को चाय-बिस्किट वितरित किए।वेदांत आश्रम जीवाजीपुर में अध्ययनरत ब्राह्मण विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री, वृद्धाश्रम में भोजन वितरण किया। एवं अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया।

# गुडी पड़वा पर होगा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा आव्हान सेवा समिति नर्मदापुरम व्दारा 20 वर्षो की भाँति इस वर्ष भी नवसंवत्सर गुडीपडवा के पावन अवसर अखिल कवि सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया।

समिति प्रमुख केप्टिन करैया ने बताया की उक्त आयोजन की नीव वरिष्ठ कवि स्व. संतोष इंकलाबी ने रखी थी। आज वह हमारे बीच नही है परन्तु उनकी स्मृति मे हम आज भी इंकलाबी जी व्दारा स्थापित किया अखिल भारतीय कवि सम्मेलन की परम्परा का निर्वहन निरंतर करते आ रहे है। श्री करैया ने बताया की समिति द्वारा नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या, चैत्र अमावस्या के पावन अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 29 मार्च को रात्री 9 बजे से सेठानी घाट पर किया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी हंस राय ने बताया कि इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न अंचलों से ख्याति प्राप्त कवियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# मंडी की व्यवस्था में हो रहा है बदलाव, एसडीएम ने मंडी प्रशासन को लगाई फटकार

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कृषि उपज मंडी में स्टाफ की मनमानी के मामले को हमारे संवाददाता द्वारा प्रकाशित करके मामले को अधिकारियों संज्ञान में लाने का काम किया था। इसके बाद एसडीएम ने मंडी सचिव से लेकर स्टाफ को फटकार लगाते हुए धरातल पर काम करने निर्देश दिए थे। एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानों के हित में धरातल पर कदम उठाते हुए जो लापरवाही थी उन पर काम किया इसका परिणाम है कि अब व्यवस्थाओं में बदलाव हो रहा है ज्यादा परेशान नहीं हो रही जाम भी नहीं लग रहा है। किसानों के लिए एसडीएम ने एक अतिरिक्त धर्मकांटा मंजूर करवाया दिया व्यापारियों की समस्याओं को भी दूर करने के लिए फील्ड में 12 मशीनों से काम हो रहा है नहीं तो दो मशीन चल रही थी मंडी बाईपास रोड पर निजी तोल कांटे



पर तुलाई होने से जाम के कारण वाहन निकल नहीं परहित इस समस्या को भी दूर कर दिया है। परिवर्तन करने के लिए लगातार व्यापारियों मंडी प्रशासन की बैठक लेकर स्वयं भी मंडी का जायजा ले रहे हैं। उसी का परिणाम है कि मंडी में सुधार हो रहा है स्टाफ भी दिखाई देने लगा है नहीं तो आधे से ज्यादा स्टाफ अप डाउन करता था मुख्यालय पर रहता ही नहीं है ड्रेस कोड का पालन भी नहीं हो रहा था अनाज चोरी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाना बाकी है। अभी मंडी में विवाद के मामले भी थम नहीं रहे हैं। वहीं थोक अनाज तिलहन संघ अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि मीडिया ने मंडी व्याप्त समस्याओं को प्रशासन सामने रखा लगातार मंडी के मामले उठाकर समाधान करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एसडीएम हर्षल चौधरी भी मंडी के मामलों को गंभीरता से काम कर रहे हैं।

झोलाछाप डॉक्टर ने कर दिया कारनामा

## पथरिया में ली एक की जान, जिम्मेदार सो रहे है कुंभकरण की नींद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के कारण आए दिन घटनाएं सामने आ रही है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा मरीज की जान से खिलवाड करने वालों का ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। अवैध रूप से हॉस्पिटल नर्सिंग होम क्लीनिक ग्रामीण क्षेत्र के आलावा शहर में भी झोलाछाप डॉक्टरों की बल्ले बल्ले हो रही है अपना उल्लू सीधा करने के लिए मरीजों की जान लेने का काम कर रहे हैं।

इसी तरह का मामला शनिवार को पथरिया आया है यहां पर एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर राजपुर निवासी राजेश अहिरवार कि गलत इंजेक्शन लगाने से मृत्यु हो गई है। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही से उपचार करने इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। वहीं यहां से सरकारी अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। पथरिया थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह ने बताया कि मृतक के परिजन शिकायत करने के लिए नहीं आए हैं। उनके आने पर हम मामला दर्ज करके कार्रवाई करेंगे इससे पहले भी झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के करण मरीजों की मौत हो चुकी है। जब भी कोई ऐसा मामला आता है तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच कार्रवाई करने की बात करते हैं। मामला ठंडा होने के बाद सब भूल जाते हैं फिर झोलाछाप डॉक्टर अपना काम करना शुरू कर देते हैं। इस वजह से मरीजों की मौत हो रही है। क्योंकि अधिकांश झोलाछाप डॉक्टर ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं होते अपने हिसाब से हाई पावर की दवा इंजेक्शन लगा देते हैं मामला बिगड़ने पर सरकारी अस्पताल रेफर कर देते हैं।

### पथरिया में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते पथरिया में झोलाछाप डॉक्टरों की बाढ़ आई हुई है। हर गली, मोहल्लों में जगह-जगह मेडिकल की दुकानें खुली हुई हैं उसके बाजू से ही झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक संचालित हो रही हैं। हर एक झोलाछाप के बाजू से मेडिकल स्टोर्स इसीलिए खुले हुए हैं ताकि महंगी दवाएं लिखकर मरीजों को लूटा जा सके। यही हाल शासकीय अस्पताल में पदस्थ कुछ डॉक्टरों का भी है। सरकारी डॉक्टर भी नगर में अपनी स्वयं की क्लीनिक खोलकर स्पेशलिस्ट बने हुए हैं। इसके साथ ही कुछ मेडिकल दुकानें भी फिक्स हैं, जहां पर दोपहर व शाम को बैठकर मरीजों को देखते हैं।

बुजुर्गों-बच्चों में दिखा भारी उत्साह, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

# होली पर जमकर उड़ाया रंग गुलाल, सड़कें हुई रंगीन





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

होली का त्यौहार नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में उत्साह उमंग उल्लास के साथ मनाया गया एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जमकर होली खेली हुरियारों की टोलिया रंग में सराबोर और होकर निकाली और एक दूसरे पर जमकर रंगों की बारिश कर सर के हाजीपुर बाजार सहित कई स्थानों पर एक दूसरे पर रंग की वर्षा की गई और घरों की चो से भी रंग बरसने का काम किया इसके चलते सड़कें रंग में लाल नजर आ रही थी जो भी इनको दिखाई दिया उसको पकड़ कर रंग लगाने का काम किया सुबह से लेकर देर रात तक होली की खुमारी छाई रही छोटे-छोटे बच्चों में भी होली पर गजब का उत्साह देखने को मिला यह सुबह



से ही होली रंग-मैं रंग गए थे पिचकारियों से होली होली खेली प्रशासन के अधिकारियोंको कर्मचारियों के साथ-नगर जनप्रतिनिधियों सहित के कई लगों ने एसडीएम हर्षल चौधरी के घर पर पहुंचकर जमकर रंग गुलाल लाया सभी के चेहरे रंग में लाल नजर आ रहे थे। रंग के कारण किसी के चेहरे की पहचान में नहीं आ रहे थे काफी देर तक होली का उत्सव मनाया इसी तरह शहर के हर मोहल्लों में होली पर जमकर रंग बरसाया महिलाओं ने भी होली के लिए वही होली पर एक-दूसरे को रंग लगाकर पिछली गलतियों की इच्छा हुई मांगी जाती है और वसंत ऋतु के आगमन पर मनाया जाता है प्रेम और उल्लास का त्यौहार है। शुक्रवार होने के कारण पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी स्वयं शहर का भ्रमण कर रहे थे। मुख्य बाजार की जामा मस्जिद के अलावा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा गाड़ियों से पुलिस पेट्रोलिंग भी पुलिस करतीं रहीं इसी तरह ग्रामीण अंचलों मे होली का त्योहार पर जमकर रंग की बरसात हुई एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बंधाई दी वहीं जिन घरों में आनरव थी और हुरियारों की टोलियां ने इनके घरों पर पहुंच कर रंग गुलाल लगाकर उसको मिटाने का काम किया। होली का त्यौहार 5 दिनों तक मनाया जाएगा रंग पंचमी पर हिंदू उत्सव समिति के द्वारा चल समारोह भी निकाला जाएगा। इस दिन शहर में चरों तरफ से रंगों की बरसात होगी।

# पुराने विवाद में मेडिकल संचालक पर हमला 5 युवकों ने तलवार और डंडों से किया वार

■ मामला दर्ज आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

रायसेन में शनिवार दोपहर एक मेडिकल संचालक पर पांच लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मेडिकल संचालक को गंभीर चोटें आई हैं। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल कोतवाली पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।



जानकारी के अनुसार घटना गोपालपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप के सामने की है। मेडिकल संचालक घायल गौरव नामदेव ने बताया कि शनिवार दोपहर को भोपाल से आए 5 युवकों ने तलवार और डंडों से वार किया, दुकान में घुसकर मारपीट की। हमलावरों में कपिल समेत 4 अन्य लोग शामिल थे। सभी आरोपी कार से आए थे। उन्होंने कार की नंबर प्लेट को ढककर रखा था। घटना के पीछे की वजह पुराना विवाद है। दरअसल, आरोपी कपिल को घायल गौरव के बड़े भाई से कुछ पैसे लेने थे। इसी बात को लेकर दो दिन पहले बहस हुई थी। हमले में गौरव के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# आग से 10 किसानों की 28 एकड़ की फसल हुई नष्ट, राजस्व मंत्री ने किया निरीक्षण

■ मंत्री ने प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के दिए निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

राजस्व मंत्री करण सिहं वर्मा ने शनिवार को श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई खेत में खड़ी गेंहू की फसल के नुकसान का निरीक्षण किया तथा प्रभावित किसानों से भेंटकर नुकसान के बारे में जानकारी ली। यहां गत दिवस ग्राम तकिया में 10 किसानों की लगभग 28 एकड़ की फसल अग्नि दुर्घटना में नष्ट हो गई थी। आग से जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है उनमें ग्राम पाटन के 07 किसान, ग्राम तकिया के 02 किसान ग्राम बरखेड़ा तथा खरेट का एक किसान शामिल है।



निरीक्षण के दौरान राजस्व मंत्री वर्मा ने किसानों से चर्चा की और फसल में आग लगने से हुए नुकसान की हर संभव मदद के लिए कहा। उन्होंने किसानों की पीड़ा को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन किसानों की गेंहू की फसल नष्ट हुई है उन सभी? किसानों को उनकी फसल का संवेदनशीलता के साथ-साथ अधिक से अधिक मुआवजा स्वीकृत किया जाए।

राजस्व मंत्री वर्मा ने किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानो की सरकार है और विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी सरकार किसानों के साथ डटकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मेहनत को व्यर्थ नहीं जाने देगी। किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनकी हर पीड़ा का समाधान हमारी प्राथमिकता है। जिन किसानों की फसल नष्ट हुई है, उन्हें उचित मुआवजा मिलेगा। राजस्व मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुआवजा प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी न हो और किसानों को जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए। निरीक्षण के दौरान सन्नी महाजन, एसडीएम तन्मय वर्मा, नायब तहसीलदार अर्पित मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभावित किसानों से मिले विधायक श्री राय

विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर तहसील के ग्राम तकिया में आग से नष्ट हुई खेत में खड़ी गेंहू की फसल के नुकसान का निरीक्षण किया तथा प्रभावित किसानों से भेंटकर नुकसान के बारे में जानकारी ली और हर संभव मदद दिलाने के लिए कहा। निरीक्षण के पश्चात लौटते समय उन्होंने गांव के बच्चों को चॉकलेट वितरित कीं तथा एक बालिका के पास स्कूल के लिए ड्रेस एवं जूते नहीं होने पर तत्काल क्रय करने के लिए राशि प्रदान की।

मेट्रो एंकर

आनंदपुर जामा मस्जिद में इमाम ने बताया रमजान का महत्व

# रमज़ान बहुत ही मुबारक महिना है, जिसमें अल्लाह मेहरबानी बरसाता हैं :शक़ील मंसूरी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मस्ज़िद के इमाम मोहम्मद शक़ील मंसूरी साहब में बताया रमज़ान बहुत ही मुबारक महिना हें ! इस महिने में तीन अशरे होंते हें पहला अशरा रहमत का रमज़ान के पहले 10 दिन अल्लाह अपनी मेहरबानी बरसाता हैं दुसरा अशरा की दुआ अस्तग फिरूल लाहा रब्बी मिन कुल्लि ज़म्बिव व अतूबु इलैह *तर्जुमा* मैं अल्लाह से तमाम गुनाहो की बख्सिस मांगता हूँ जो मेरा रब हैं और उसी की तर्फ रुजू करता हूँ

मगफिरत का इस महिने का बीच का हिस्सा अल्लाह की मगफिरत का हैं ऐ बो दिन हैं अल्लाह अपने बन्दों को माफ़ करने के लिये इंतजार कर रहा होता हैं हर बो बंदा जो सच्चे दिल से माफ़ी मांगता अपने गुनाह का अहसास करता हैं और अल्लाह से दुआ करता हैं अल्लाह उसके गुनाह माफ़ कर दिये जाते हैं ! और रमज़ान का आख़री अशरा हैं जहन्नम से निज़ात यांनी जहन्नम से आज़ादी आख़री दस दिन सबसे कीमती हैं क्योंकि ये बो दिन हैं अल्लाह अपने






बन्दों को दोज़ख़ की आग से बचाता हैं ये बो बक़्त हम अल्लाह की रज़ा पाने के लिये ज्यादा से ज्यादा इबादत करते हैं नमाज़े पड़तें हैं क़ुरान पाक की तिलाबत करतें हैं और ताराहबी पड़तें हैं अल्लाह इस रमज़ान हम सबकी दुआ क़ुबूल करें आमीन

मगरिब की नमाज़ के दौरान मुहम्मद कदीर साहाब ने रोज़ा इफ़्तार कराया हज़ारो लोगों ने नमाज़ अदा की मुल्क में अमन चेन सुकून रहें इसकी दुआ की इमाम शक़ील मंसूरी साहाब मुहम्मद नसिर साहाब इरफ़ान मंसूरी शाहिद साहाब इरशाद साहाब इस्माईल मंसूरी आमिर मंसूरी समीर मंसूरी शहजाद भाई सलमान साहाब अंशार मंसूरी।

Life&Style

# बढ़े हुए यूरिक एसिड को कंट्रोल करेंगी देसी चीज



*शरीर में अगर यूरिक एसिड बढ़ जाए तो इम्यूनिटी सिस्टम सही तरह काम नहीं कर पाता है. इसकी वजह से कई तरह की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. यूरिक एसिड क्रिस्टल्स में बदलकर उंगलियों के जॉइंट में अटक जाता है, जिससे बहुत ज्यादा दर्द हो सकता है. इसके अलावा कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं. ऐसे में यूरिक एसिड को शरीर से बाहर निकालने में कुछ घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं. इस आर्टिकल में आपको ऐसी सस्ती और देसी चीज बता रहे हैं, जो यूरिक एसिड को कम कर सकती हैं.*

### आंवला

आंवले में विटामिन सी व एंटीऑक्सीडेंट्स कूट-कूटकर भरा होता है, जो शरीर में सूजन को बढ़ने से तो रोकता ही है, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को भी कम करता है. इससे यूरिक एसिड का लेवल कम होता है, इसलिए आंवले का इस्तेमाल फायदेमंद होता है.

### नीम

यूरिक एसिड क्रिस्टल्स को बाहर निकालने में नीम भी मददगार होता है. नीम में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो सूजन को कम कर यूरिक एसिड की समस्या खत्म करते हैं. नीम बॉडी डिटॉक्सिफिकेशन का भी काम अच्छी तरह करता है. ऐसे ही हरड़ में डिटॉक्सिफाइंग वाले तत्व होते हैं, जो शरीर में अटके टॉक्सिंस और यूरिक एसिड को बाहर करता है. हरड़ का सेवन डाइजेशन के लिए भी बढ़िया होता है.

### धनिया

सूखा धनिया यूरिक एसिड के क्रिस्टल्स को खत्म कर शरीर से बाहर फेंकने में मदद करता है. धनिया में ऐसे गुण होते हैं जो यूरिन के साथ यूरिक एसिड को बाहर निकाल देता है. ऐसे में जिसके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ गई है, उन्हें धनिया की चाय या काढ़ा पानी चाहिए.

### गिलोय

एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों वाला गिलोय यूरिक एसिड लेवल को बढ़ने और सूजन को कम करने में मदद करता है. यह किडनी को सही तरह काम करने में भी हेल्प करता है, जिससे शरीर से टॉक्सिस और यूरिक एसिड बाहर आसानी से निकल जाता है.



# मुंबई इंडियंस की टीम दूसरी बार बनी डब्ल्यूपीएल चैंपियन

## दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से फाइनल हराया; हरमनप्रीत की फिफ्टी

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस ने 3 साल में दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का खिताब जीत लिया है। टीम ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में 8 रन से हराया। दिल्ली लगाातर तीसरी बार रनर-अप रही। ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई ने 7 विकेट खोकर 149 रन बनाए। दिल्ली की टीम 141 रन ही बना सकी। मुंबई से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अहम मौके पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने नैटली सिवर ब्रंट के साथ 89 रन की अहम पार्टनरशिप भी की। सिवर ब्रंट ने गेंदबाजी में 3 विकेट लिए और अपनी टीम का कमबैक कराया।



मुंबई ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत खराब रही। टीम ने 14 रन के स्कोर तक 2 विकेट गंवा दिए। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर और नैटली सिवर ब्रंट ने पारी संभाली। हालांकि, दोनों ने बेहद धीमे बैटिंग की। 8वें ओवर के बाद हरमन ने शॉट्स खेलने शुरू कर दिए, उन्होंने 15वें ओवर में टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। इसी ओवर में नैटली 30 रन बनाकर आउट हो गईं। उन्होंने हरमन के साथ 89 रन की पार्टनरशिप की। हरमन की फिफ्टी, टीम ने सम्मानजनक स्कोर बनाया हरमन एक एंड पर टिकी रहीं, उनके सामने अमीलिया केर 2 और सजीवन साजना खाता खोले बगैर आउट हो गईं। हरमन भी 66 रन बनाकर आउट हो गईं। आखिर में जी कमलिनी ने 10, अमनजोत कौर ने 14 और संस्कृति गुप्ता ने 8 रन बनाकर टीम का स्कोर 149 तक पहुंचा दिया। दिल्ली ने 7 विकेट लिए। टीम से मारिजान कैप, जेस जोनासेन और श्री चरणी ने 2-2 विकेट लिए। एनाबेल सदरलैंड को 1 विकेट मिला। शिखा पांडे और मिन्नु मणि को कोई विकेट नहीं मिला। दिल्ली की भी खराब शुरुआत 150 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने 17 रन पर 2 विकेट गंवा दिए। 66 रन तक टीम के 5 विकेट गिर गए। कप्तान मेग लैनिंग 13, शेफाली वर्मा 4, जेस जोनासेन 13 और एनाबेल सदरलैंड 2 रन बनाकर आउट हो गईं।

कैप, जेमिमा ने फाइट दिखाई जेमिमा रोड्रिग्ज ने फाइट दिखाई और टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन वे 30 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद साराह ब्रायस 5, मिन्नु मणि 4 और शिखा पांडे खाता खोले बगैर आउट हो गईं। मारिजान कैप ने 5 चौके और 2 छक्के लगाए, लेकिन वे भी 40 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं।

निकी प्रसाद ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम रही। टीम 9 विकेट खोकर 141 रन ही बना सकी। मुंबई से नैट सिवर-ब्रंट ने 3 और अमीलिया केर ने 2 विकेट लिए। शबनिम इस्माइल, हेली मैथ्यूज और साईका इशाक को 1-1 विकेट मिला। लीडरबोर्ड पर मुंबई की प्लेयर्स का दबदबा मुंबई की बैटर और बॉलर्स ने लीडरबोर्ड पर भी दबदबा बनाया। नैटली सिवर ब्रंट 10 मैचों में 523 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहीं, उन्होंने टूर्नामेंट इतिहास में 1000 रन भी पूरे कर लिए। मुंबई की हेली मैथ्यूज 307 रन बनाकर तीसरे और कप्तान हरमनप्रीत कौर 302 रन बनाकर पांचवें नंबर पर रहीं।

बॉलर्स में अमीलिया केर और हेली मैथ्यूज ही टॉप विकेट टेकर रहीं। मुंबई की दोनों स्पिनर्स ने 18-18 विकेट लिए। नैट सिवर ब्रंट 12 विकेट लेकर पांचवें नंबर पर रहीं। दिल्ली के लिए जेस जोनासेन ने 13 विकेट लिए। शेफाली वर्मा 304 रन बनाकर दिल्ली कैपिटल्स की टॉप स्कोरर रहीं। मुंबई ने दूसरा खिताब जीता विमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत 2023 में हुई। तब भी मुंबई ने दिल्ली को फाइनल हराकर टाइटल जीता था। दूसरे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खिताब जीता। अब मुंबई ने तीसरे सीजन में दूसरा टाइटल अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स ने तीनों सीजन पॉइंट्स टेबल में टॉप किया, लेकिन टीम तीनों बार रनर-अप ही रही।

### पीएसजी ने 4-1 से हराकर किया बाहर

# चैंपियंस लीग में पहली बार पेनल्टी शूटआउट हारी लिवरपूल की टीम

**लिवरपूल. एजेंसी**

चैंपियंस लीग के 2024-25 सीजन के लीग में शीर्ष पर रहे इंग्लिश फुटबॉल क्लब लिवरपूल का सफर अंतिम-16 दौर में समाप्त हो गया। मंगलवार देर रात यहां खेले गए अंतिम-16 राउंड के दूसरे चरण के मैच के बाद कुल स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद फ्रांसीसी क्लब पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) ने पेनल्टी शूटआउट में लिवरपूल को 4-1 से हराकर बाहर कर दिया। लिवरपूल की टीम चैंपियंस लीग में पहली बार पेनल्टी शूटआउट हारी है। दूसरे चरण के मैच में पीएसजी के ओस्मान डेम्बले ने 12वें मिनट में गोल किया था। पहले चरण में लिवरपूल 1-0 से जीता था।

## बार्सिलोना आसान जीत से क्वार्टरफाइनल में

एक अन्य मुकाबले में बार्सिलोना ने बेनफिका को 4-1 के कुल स्कोर से हराकर क्वार्टरफाइनल में आसानी से प्रवेश कर लिया है। बार्सिलोना 20 से ज्यादा बार चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने वाली तीसरी टीम बन गई है। उससे पहले रियाल मैड्रिड और बायर्न म्यूनिख यह उपलिब्ध हासिल कर चुके हैं। बार्सिलोना के लिए राफिन्हा ने 11वें व 42वें, जबकि लैमिन यमाल ने 27वें मिनट में गोल किया।

### सुरक्षा कारणों से फ्रांस सरकार का बड़ा फैसला

# रूस-बेलारूस का पासपोर्ट धारियों के वॉलंटियर्स बनाने पर रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रूस और पोलैंड के बीच जारी युद्ध का असर इस साल 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक गेम्स में भी देखने को मिल रहा है। मेजबान फ्रांस ने सुरक्षा कारणों से अपने देश में रहने वाले रूस और बेलारूस के नागरिकों को ओलंपिक और पैरालंपिक गेम्स के दौरान वॉलंटियर्स बनाने पर रोक लगा दी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेजबान फ्रांस ने यह फैसला सुरक्षा कारणों से लिया है और जिन लोगों के पास रूस और बेलारूस के पासपोर्ट हैं, उनका वॉलंटियस बनने का आवेदन रद्द कर दिया गया है। एक फ्रेंच कंपनी में काम करने वाली 31 वर्षीय डायना पिछले काफी समय से पेरिस में ही रहती हैं। 2014 सोच्चि विंटर ओलंपिक में वॉलंटियर्स के रूप में काम कर चुकी डायना ने पेरिस ओलंपिक में भी काम करने के लिए आवेदन किया था। उनके पास मैसेज आया था कि वह वॉलंटियर्स के तौर पर चुन ली गई हैं। इसके बाद जब उनका बैकग्राउंड चेक किया गया तो उनका आवेदन रद्द कर दिया गया क्योंकि डायना के पास रूस का पासपोर्ट था।

आतंकवादियों की तरह बर्ताव किया जा रहा है सिर्फ डायना ही नहीं, बल्कि जिनके पास भी रूस और बेलारूस का पासपोर्ट हैं, उनका वॉलंटियर्स बनने का आवेदन सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए रद्द कर दिया गया है।

### मेट्रो एंकर — खिलाड़ी कमरे में लौटकर अकेले और उदास नहीं बैठना चाहते

# जो मुश्किल दौर में, उनके लिए परिवार अहम : कोहली

**नईदिल्ली. एजेंसी**

विराट कोहली ने दौरों पर परिवारों की मौजूदगी की वकालत की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें लगता है कि वे खिलाड़ियों के लिए संतुलन लाते हैं, जो मैदान पर मुश्किल दौर से गुजर रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी मैदान से अपने कमरे में लौटकर अकेले और उदास नहीं बैठना चाहता। वह नॉर्मल होना चाहता है। इसी तरह से खिलाड़ी अपनी जिम्मेदारी यानी खेल को सही तरह से निभा सकता है।

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हार के बाद खिलाड़ियों के लिए सख्त नियम बनाए थे। इनमें विदेश दौरों पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ रहने की समय सीमा भी तय की गई थी। टीम के साथ खिलाड़ियों की बॉन्डिंग पर भी जोर दिया गया था। कोहली ने कहा अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो आप कहेंगे हां। मैं कमरे में जा कर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। फिर आप अपने खेल को सही मायने में जिम्मेदारी के रूप में देख सकते हैं। आप उस जिम्मेदारी को पूरा करते हैं और आप जीवन में वापस आते हैं।




**मुश्किल दौर में परिवार के पास आना बेहतर:** इनोवेशन लैब इंडियन स्पोर्ट्स समिट के दौरान कठिन दौरों पर उनके परिवार की भूमिका के बारे में जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, लोगों को यह समझाना बहुत मुश्किल है कि हर बार जब आपके साथ बाहर कुछ बहुत मुश्किल हो रहा होता है, तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना अच्छा होता है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि लोग ये समझ पाते हैं कि बड़े पैमाने पर इसकी कीमत क्या है। ये बात मुझे काफी निराश करती है कि जिन लोगों का हालात पर कोई काबू नहीं है, उन्हें जबरदस्ती बातचीत में घसीटा जाता है और कहा जाता है कि इन्हें दूर रखा जाना चाहिए। विराट ने कहा, आपके जीवन में हर समय अलग -अलग परिस्थितियां हो सकती हैं। उससे निकल कर आप सामान्य होते हैं।

### मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## भंसाली ने की थी असली हीरे की पहचान

# हिमाचल की 'कली' से लापता लेडीज की 'जया' का सफर




हिमाचल प्रदेश के शिमला की रहने वाली प्रतिभा रांटा आमिर खान प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कॉन्वेंट ऑफ जीसस एंड मैरी स्कूल से की है और मुंबई के उषा प्रवीण गांधी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट से फिल्म निर्माण में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। प्रतिभा ने अपने करियर की शुरुआत बतौर थिएटर आर्टिस्ट और डांसर के रूप में की थी। हालांकि, बाद में वह मॉडलिंग करने के लिए मुंबई में ही है। प्रतिभा ने अपने सपनों को पंख देना शुरू कर दिया। साल 2018 में उन्होंने मिस मुंबई का खिताब जीता था। किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' ने सिनेमाघरों में धमाल मचा दिया था। ओटीटी पर रिलीज होने के बाद फिल्म की तारीफों का सिलसिला थम नहीं रहा था। दर्शकों से लेकर फिल्मी सितारों तक, हर कोई इस फिल्म को देखने के बाद किरण राव का मुरीद हो गया था। इस फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा और स्पर्श श्रीवास्तव ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी को भले ही प्रशंसा मिल रही है, लेकिन फिल्म में प्रतिभा द्वारा अभिनीत जया के किरदार को दुनिया भर की महिलाओं ने पसंद किया। उनके अभिनय ने जल्द ही फिल्म प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

### हीरामंडी में भी किया काम

बड़े पर्दे पर बदलाव का फैसला इसलिए किया था कि उन्हें लगा कि टीवी में ज्यादा विकास नहीं हो रहा था। अभिनेत्री ने कहा, मुझे थोड़ा संघर्ष करना पड़ा क्योंकि मैं आमिर की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। भले ही आमिर को मेरा प्रदर्शन पसंद आया, लेकिन उस समय उन्होंने मुझे कोई ठोस पुष्टि नहीं दी थी। प्रतिभा को संजय लीला भंसाली की रिलीज वेब सीरीज 'हीरामंडी' में फिर से देखा गया। इस सीरीज में अभिनेत्री शमा की भूमिका निभाती नजर आईं, जो वेश्या संजीदा शेख की बेटी हैं।

# सौरभ बोले- मुझे सलमान से डरने के लिए कहा गया



अभिनेता सौरभ शुक्ला की गिनती बॉलीवुड के शानदार अभिनेताओं में होती है। उन्होंने कई सारी हिट और बड़ी फिल्मों में अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किक' का एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग के दौरान किसी ने उनसे सलमान खान से डरने के लिए कहा था। 'किक' में सौरभ शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई थी। जिसमें सलमान खान और जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में थे। अभिनेता ने जैकलीन के पिता का किरदार निभाया था। डिजिटल कमेंट्री से बातचीत में सौरभ ने एक सीन का जिक्र करते हुए कहा, 卐सलमान का किरदार पहली बार मेरी बेटी के बॉयफ्रेंड के तौर पर मुझसे मिलने आया है। दिलचस्प बात यह है कि सीन इस तरह से लिखा गया है कि वह मुझसे मेरी सैलरी, मेरी बचत आदि के बारे में पूछता है। इसलिए जब मुझसे यह सवाल पूछा गया तो मैंने इस तरह से प्रतिक्रिया दी कि दर्शकों को लगा कि मैं उस सवाल से हैरान हूं।卐 अभिनेता ने आगे कहा, सीन शूट होने के बाद, सलमान के एक असिस्टेंट मेरे पास आए और कहा कि मुझे उस सीन में अपनी प्रतिक्रिया बदलनी होगी। असिस्टेंट को लगा कि मुझे सलमान के देवी लाल सिंह के सामने डरे हुए जैसा व्यवहार करना चाहिए। जब मैंने यह तर्क देने की कोशिश की कि इस तरह की प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, तो उनके सहायक ने बताया कि सलमान को शायद यह प्रतिक्रिया पसंद ना आए। सलमान ने अपने असिस्टेंट को बुलाया और उससे कहा कि वह मुझे बिल्कुल भी परेशान न करे। उन्होंने उससे कहा कि मेरी एक्टिंग बिल्कुल सही थी और यह सीन के लिए एकदम सही रिएक्शन था। फिल्म 'किक' में रणदीप हुड्डा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म का निर्माण और निर्देशन साजिद नाडियाडवाला ने किया था।

# विधु विनोद चोपड़ा का छलका दर्द, बोले- मुन्नाभाई एमबीबीएस के लिए राजी नहीं थे डिस्ट्रीब्यूटर

विधु विनोद चोपड़ा हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्माता-निर्देशक हैं। उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। अपनी फिल्मों के लिए उन्हें चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। उन्होंने 'परिंदा', '1942 ए लव स्टोरी', '12वीं फेल', 'मुन्ना भाई एमबीबीएस', '3 इडियट्स' आदि फिल्मों से अपना लोहा मनवाया है। हालांकि, एक वक्त ऐसा भी था कि उनकी एक फिल्म को डिस्ट्रीब्यूटर्स ने रिलीज करने तक से मना कर दिया था। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इसका खुलासा किया है। अपने करियर में बतौर निर्माता विधु विनोद चोपड़ा ने मुन्नाभाई सीरीज, 3 इडियट्स जैसी फिल्में बनाई हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी सुपरहिट फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस को कोई डिस्ट्रीब्यूटर रिलीज नहीं करना चाहता था। इससे जुड़े वाकये को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मोहम्मद भाई नाम के एक डिस्ट्रीब्यूटर ने उन्हें इस फिल्म के लिए उन्हें 11 लाख रुपये देने के वादा किया था। उसने फिल्म के लिए पांच लाख रुपये एडवांस भी दे दिए थे, लेकिन फिल्म देखने के बाद उसने हाथ पीछे खींच लिया। रिलीज के तीन दिन पहले डिस्ट्रीब्यूटर ने ये कहते हुए पैसे वापस मांग लिए कि इस फिल्म की कहानी किसी को भी समझ नहीं आएगी। चोपड़ा ने कहा, फिल्म के रिलीज होने से तीन दिन पहले मुझे पैसे वापस करने का निर्णय सुनाया गया।




**बड़ी हिट साबित हुई फिल्म**

विधु ने आगे बताया कि इसके बाद उन्होंने तामिलनाडु के श्याम श्रॉफ नाम के एक डिस्ट्रीब्यूटर से संपर्क किया था। मैं परेशान था कि अब क्या करूं? फिर मैंने अपने एक दोस्त श्याम श्रॉफ को फोन किया। वह एक डिस्ट्रीब्यूटर था, तामिलनाडु में उसका एक बड़ा थियेटर था। उसने मुझे सुबह 11-45 का एक सिंगल शो दिया। आपको पता है मैंने तामिलनाडु से कितने पैसे कमाए? मैंने सिर्फ तामिलनाडु से 1.67 करोड़ रुपये कमाए।

### राम गोपाल वर्मा को था ऋतिक की काबिलियत पर शक, बोले

# मुझे नहीं लगा था वह स्टार बन पाएंगे





ऋतिक रोशन बॉलीवुड के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले कलाकारों में से एक हैं। अपने बेहतरीन अभिनय क्षमता के अलावा वह लुक्स और डांसिग स्किल्स के लिए भी जाने जाते हैं। लुक्स को लेकर तो उन्हें बॉलीवुड का ग्रीक गॉड भी कहा जाता है। हाल ही में, वह फिल्म 'फाइटर' में नजर आए थे। हालांकि, एक ऐसे भी फिल्म निर्देशक हैं, जिन्हें एक वक्त पर लगता था कि ऋतिक कभी स्टार नहीं बन पाएंगे। हाल ही में, निर्देशक राम गोपाल वर्मा के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड हुई थी। इस वीडियो में वह ऋतिक की डेब्यू फिल्म कहो ना प्यार है पर बात करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, जब मैंने ऋतिक रोशन को देखा तो मुझे नहीं लगा था कि वह स्टार बन पांएगे। इंडस्ट्री के काफी लोगों ने भी नहीं सोचा था कि वह स्टार बन पाएंगे। इस वजह से ही उन्हें किसी ने साइन नहीं किया, जब तक कहो ना प्यार है रिलीज नहीं हुई। हालांकि, जैसे ही वह सुपरस्टार बने सभी उनके पीछे भागने लगे। राम गोपाल वर्मा अपनी फिल्में सत्या, कौन, रंगीला, कंपनी, सरकार आदि फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्मों के अलावा वह अपने बयानों के वजह से भी अक्सर चर्चा में रहते हैं। बात करें राम गोपाल वर्मा के वर्क फ्रंट की तो वह इस साल कई फिल्मों में बतौर निर्माता और निर्देशक दिखेंगे। हाल में ही उनकी फिल्म 'व्योहम' रिलीज हुई थी। यह फिल्म आंध्र प्रदेश की राजनीति से प्रेरित थी। ऋतिक ने फिल्म कहो ना प्यार है से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।

# धूमधाम से मना पुलिस का होली मिलन, कमिश्नर ने गन से उड़ाया गुलाल




## नेहरू नगर पुलिस लाइन में 500 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने उड़ाया रंग-गुलाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। हर साल की तरह इस साल भी रंगोत्सव के अवसर पर पुलिस कमिश्नरेट ने नेहरू नगर पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह भव्य रुप से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र और विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों तथा मीडियाकर्मियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकानाएं दीं। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर ने होली के गुलाल वाले सिलेंडर व गन से गुलाल उड़ाकर व पुष्प बरसा कर खुशी का इजहार किया। होली मिलन समारोह में करीब 500 पुलिस अधिकारी व कर्मचार मौजूद रहे। समारोह में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन व होली तथा फिल्मी गानों पर वाटर केनन से पानी की बौछारों में भीगते हुए जमकर डांस किया और होली मिलन समारोह का जमकर आनंद लिया। होली मिलन समारोह में उपस्थित पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी, पुलिस उपायुक्त रियाज इकबाल, पुलिस उपायुक्तअखिल पटेल, पुलिस उपायुक्त सोनाक्षी सक्सेना, पुलिस उपायुक्त प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त निधी सक्सेना, रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर व अन्य अधिकारियों ने भी गुलाल लगाकर सभी स्टॉफ को बधाई दी और सभी पुलिसकर्मियों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी।

### रंग डालने को लेकर पिकअप चालक से विवाद

# वाहन लेकर भागा तो अगले पहिए की चपेट में आया युवक 200 मीटर घिसटा

- अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत, वाहन समेत चालक फरार
- हत्या और हिट एंड रन एंगल पर पुलिस ने जांच शुरू की



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में शुक्रवार शाम रंग डालने को लेकर हुए विवाद के चलते पिकअप वाहन चालक पर कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। तेजी से वाहन चलाकर चालक ने वहां से भागने की कोशिश की। इस बीच एक युवक पिकअप की चपेट में आ गया। वह अगले पहिए और मडगार्ड के बीच फंसकर करीब 200 मीटर तक घिसटता चला गया। घटना का सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी सामने आया है जिसमें युवक अगले पहिए में फंसकर घिसटता जा रहा है। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या मामला सडक़ हादसे का प्रतीत हो रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि लडक़े वाहन चालक को मारने दौड़े थे इसलिए वह वाहन लेकर तेजी से भाग रहा था। लेकिन मर्ग कायम कर हत्या और हिट एंड रन एंगल पर भी जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस के मुताबिक सुभाष कॉलोनी अशोका गार्डन निवासी शैलेन्द्र सिंह उर्फ अप्पू (27) सुभाष नगर स्थित एक फर्नीचर शोरूम में काम करता था। परिवार में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन और एक बड़ा भाई है। दोनों की शादी हो चुकी है। करीब दो माह बाद पांच मई को शैलेन्द्र की शादी होने वाली थी। उसका भाई आर्मी में है। शुक्रवार शाम शैलेन्द्र अपने दोस्तों के साथ घर के बाहर होली खेल रहा था। इस बीच वहां से एक पिकअप लोडिंग वाहन गुजरा। होली खेल रहे युवकों ने वाहन के चालक पर रंग डाल दिया। इस बात को लेकर चालक को उन लडक़ों से विवाद होने लगा। लडक़े मारपीट पर उतारू हो गए। तब वहां मौजूद कुछ लोगों ने मामला शांत कराकर चालक को वहां से जाने के लिए कहा। चालक ने तेजी से अपनी गाड़ी आगे बढ़ाई और उसी रफ्तार से रिवर्स करने लगा। गाड़ी रिवर्स होती देख सभी तितर-बितर हो गए लेकिन शैलेन्द्र गिरकर अगने पहिए की चपेट में आ गया। सभी ने शोर मचाकर वाहन चालक को गाड़ी रोकने के लिए कहा। लेकिन चालक रुका नहीं बल्कि तेजी से वहां से भागने का प्रयास करने लगा। पिकअप के अगले पहिए और मड क्लैप में फंसकर शैलेन्द्र करीब 200 मीटर दूर तक घिसटता चला गया। जैसे ही शैलेन्द्र पहिए की चपेट से अलग हुआ, आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दोस्तों व मोहल्ले के लोगों ने गंभीर रूप से घायल शैलेन्द्र को नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी थी। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

### गुजर रहे वाहन चालक पर रंग डाला था

शैलेन्द्र के दोस्त सागर ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले से गुजर रहे वाहन चालक पर रंग डालने को लेकर विवाद शुरु हुआ था। वहां मौजू लोगों ने मामला शांत करा दिया था। लेकिन वाहन चालक अचानक तेजी से वाहन को आगे ले गया और फिर उसी रफ्तार से रिवर्स कर शैलेन्द्र को टक्कर मार दी। पहिए में फंसकर शैलेन्द्र काफी दूर तक घिसटता चला गया। वह बहुत बुरी तरह घायल हो गया था। उसके शरीर पर चोटों के कई निशान थे।

### वाहन चालक का मारने दौड़े थे लडक़े

एएसआई जयवीर सेंगर का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या शैलेन्द्र की मौत सडक़ हादसा लग रही है। कुछ लडक़े बीच सडक़ पर डांस कर रहे थे। वहां से गुजर रहे लोडिंग वाहन के चालक ने हार्न बजाया लेकिन लडक़े सडक़ से हटे नहीं। रंग डालने को लेकर विवाद की बात भी सामने आई है। लोगों का कहना है कि होली खेल रहे लडक़े वाहन चालक को मारने दौड़े थे। जब चालक वाहन लेकर भागा तो युवक चपेट में आ गया। फिलहाल पूरे घटनाक्रम के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक किए जा रहे हैं। मामले की जांच हर बिंदु से की जा जा रही है।

## होली जलाने को लेकर विवाद में युवक के पेट में चाकू घोंपा

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पलासी दुर्गा नगर में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात होली जलाने को लेकर हुए मामूली विवाद के चलते दो युवकों ने 15 साल के किशोर को थप्पड़ मार दिए। यह सुनते ही किशोर का चाचा समझाइश देने मौके पर पहुंचा तो युवकों ने उस पर चाकू व लकड़ी के पटिए से हमला कर दिया। चाचा के पेट व सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पलासी मरघट के पास दुर्गा नगर निवासी सुनील उर्फ लक्की पुत्र नरेन्द्र यादव (15) स्कूली छात्र है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात दुर्गा नगर में होलिका दहन की तैयारी चल रही थी। सुनील वहां दूसरे बच्चों के साथ मिलकर मस्ती कर रहा था। तभी शराब के नशे में धुत अन्नी उर्फ अनिकेत और मुंडी वहां आ गए और सुनील से डांट-डपट करने लगे। लेकिन सुनील बच्चों के साथ मस्ती करता रहा। यह देख गुस्साए अनिकेत व मुंडी ने सुनील को दो-तीन थप्पड़ मार दिए। यह सुनते ही सुनील का चाचा महेश यादव (26) मौके पर पहुंचा और अनिकेत व मुंडी को समझाइश देने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद होने लगा। विवाद बढऩे पर अनिकेत व मुंडी ने महेश यादव पर चाकू व लकड़ी के पटिए से हमला कर दिया। महेश के सिर व पेट में चाकू लगने से गंभीर चोटें आई हैं। हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना देकर महेश को अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। एएसआई हरिनारायण का कहना है कि आरोपी अनिकेत के खिलाफ चार-पांच मारपीट के प्रकरण दर्ज हैं। घटना के बाद से फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, छात्र की मौत

**भोपाल।** कमला पार्क से राजा भोज सेतु (आर्च ब्रिज) होते हुए राम नगर कॉलोनी लौट रहे दो दोस्तों की मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों दोस्तों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। तलैया पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक राम नगर कॉलोनी शाहजहांनाबाद निवासी प्रिंस गुर्जर पुत्र मनोहर गुर्जर (23) कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार रात वह घर से दोस्तों से मिलने का बोलकर निकला था। रात करीब सवा 12 बजे वह होली खेलने के बाद अपने दोस्त राज शर्मा के साथ घर लौट रहा था। उसी दौरान कमला पार्क से रेतघाट तिराहे की तरफ आते समय उसकी मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के समय मोटरसाइकिल की गति बहुत तेज थी। सिर में चोट आने से प्रिंस व राज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वहां से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को हमीदिया अस्पताल इलाज के लिए रवाना किया। शनिवार सुबह इलाज के दौरा प्रिंस की मौत हो गई।

## चौथी मंजिल पर मिली कर्मचारी की लाश

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित 7वीं बटालियन में रहने वाले कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश एमटी शाखा की चौथी मंजिल पर मिली है। मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से बांदा यूपी निवासी राजू समुद्रे (26) भोपाल में रहकर पुलिस ऑफिसर्स मेस में साफ -सफाई का काम करता था। शनिवार सुबह जहांगीराबाद पुलिस को सूचना मिली थी कि राजू समुद्रे की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसआई राम लक्ष्मण गुर्जर का कहना है कि राजू समुद्रे सातवीं बटालियन की एमटी शाखा बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर सोता था। शनिवार सुबह वो मृत अवस्था में मिला। उसकी मौत किस वजह से हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतक नशे का आदी था और हो सकता है कि इसी वजह से उसकी मौत हुई हो। मृतक के कई परिजन भी भोपाल में रहते है और उसकी मौत की जानकारी उन्हें दे दी गई है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## कैंसर पीड़ित ने होटल में लगाई फांसी

**भोपाल।** हमीदिया रोड स्थित होटल रामा इंटरनेशनल के कमरे में होटल के कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे की है। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने कैंसर की बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करना बताया है। मंगलवारा पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू करक दी है। पुलिस के मुताबिक टीला जमालपुरा निवासी रवि कुमार (53) पिछले चार साल से होटल रामा इंटरनेशनल में काम कर रहा था और वह होटल में ही रहता था। शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे के आसपास होटल के कर्मचारियों ने उसे कमरे में फांसी पर लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड मिला है जिसमें उसने गले के कैंसर से पीड़ित होने और बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने सुसाइड नोट जांच के लिए हैंड राइटिंग एक्सपर्ट के पास भेज दिया है।

## गुमटी हटाने के तनाव में बुजुर्ग ने की आत्महत्या

भोपाल। कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित विद्यासगर प्याऊ के पास गुरुवार को 68 साल के बुजुर्ग ने सल्फास की गोली खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि बुजुर्ग चाय की गुमठी लगाते थे और पिछले कुछ दिनों से नगर निगम बार-बार उनकी गुमठी हटाने का दबाव बना रहा था। तभी से वह तनाव में रहने लगे थे। गुरुवार को उन्हें सूचना मिली थी कि होली के दिन अमला उनकी गुमठी उठाकर ले जाएगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अलंकार लॉज में रहने वाले चिमनदास कुरील (68) विद्यासागर प्याऊ के पास चाय की गुमठी संचालित करते थे। पिछले कुछ दिनों से नगर निगम का अमला अतिक्रमण के नाम पर उनकी गुमठी हटाने का दबाव बना रहा था। इस बात को लेकर वह तनाव में रहने लगे थे। परिजनों का कहना है कि चिमनदास बीते कुछ दिनों से डिप्रेशन में थे। उन्हें बार-बार उनकी गुमठी हटाने की सूचनाएं मिल रही थीं।

# भ्रष्टाचार के आरोप में फरार टीआई की जमानत खारिज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**मास्टर माइंड अफजल के साले मुईन को बचाने मांगी थी 25 लाख की रिश्वत**

पांच लाख रुपए की रिश्वत के मामले में फरार चल रहे निलंबित टीई जितेन्द्र गढ़वाल की अग्रिम जमानत की अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी है। जोन-एक की एडिशनल डीसीपी रश्मि दुबे और एसीपी सुरभि मीणा सहित क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने टीआई जितेन्द्र गढ़वाल के कहने पर निलंबित एएसआई पवन रघुवंशी को पांच लाख की रिश्वत की रकम के साथ पकड़ा था। हालांकि पवन रघुवंशी बाद में चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गया था।



इसके बाद से ही टीआई गढ़वाल भी फरार चल रहे हैं। कोर्ट ने उन पर दर्ज अपराध को गंभीर माना और ऐसे में जमानत का लाभ देने से इनकार कर दिया। पुलिस की तीन टीमें आरोपी पुलिसकर्मियों की तलाश कर रही हैं। मामले में टीकमगढ़ के पार्षद अंशुल उर्फ अमोना जैन व बीजेपी नेता मोइन खान भी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस इनकी भी तलाश कर रही है। यह मामला प्रभात चौराहा के पास एक भवन में चल रहे ठगी के एक कॉल सेंटर से जुड़ा है। आरोपियों में से एक आरोपी मुईन खान को बचाने के एवज में एएसआई ने उससे 25 लाख रुपए में डील की थी। उसी डील की पहली किस्त के रूप में एएसआई 5 लाख रुपए ले रहा था।

### सुबह जिस थाने में टीआई, शाम को उसी में प्रकरण दर्ज

रिश्वत के इस मामले में टीआई जितेंद्र गढ़वाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज है। खास बात यह है कि जिस ऐशबाग थाने में जितेंद्र गढ़वाल पांच मार्च सुबह 11 बजे तक बतौर टीआई पदस्थ थे, उसी थाने में उन पर प्रकरण दर्ज किया गया। उनके साथ पवन रघुवंशी, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र और टीकमगढ़ से रिश्वत देने वाले अंशुल उर्फ मोना जैन को आरोपी बनाया गया है। ठगी के कॉल सेंटर के इसी मामले में कार्रवाई में लापरवाही को लेकर पुलिस ने ऐशबाग थाना टीआई जितेंद्र गढ़वाल सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया था। पुलिस कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्रा ने बताया कि चारों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है। फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले मास्टर माइंड अफजल खान के साले मुईन खान को आरोपी नहीं बनाने को लेकर 25 लाख रुपए में डील हुई थी।

## बदमाशों ने पार्टी मनाने के लिए अड़ीबाजी करते हुए युवक से की मारपीट

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद के वाजपेयी नगर मल्टी में होली जला रहे युवक पर चार बदमाशों ने पार्टी मनाने के लिए अड़ीबाजी कर पैसों की मांग की। विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वाजपेयी नगर मल्टी निवासी धरमसिंह (42) ड्रायवरी करता है। गुरुवार रात वह मल्टी के सामने होली जला रहा था। उसी समय भूरा अपने दोस्त तौफीक, कल्लू और नीरज के साथ उसके पास आया और पार्टी मनाने के लिए दो हजार रुपए देने का दबाव डालने लगा।

# ड्राय डे पर बेच रहे थे शराब, दो तस्करों से 385 लीटर शराब जब्त, कमीशन पर करते थे काम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर इलाके में ड्राय डे होने के बावजूद होली पर अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर 385 लीटर अवैध शराब बरामद की है। बरामद अवैध शराब की कीमत चार लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी किसी तीसरे के इशारे पर कमीशन पर अवैध शराब सप्लाई करने का काम करते हैं। मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।




एडिश्नल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मानसरोवर काम्प्लेक्स के पास चोरी-छिपे देशी व अंग्रेजी शराब बेच रहा है। घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी शुभम भोपरे (28) निवासी सरगम टॉकीज के सामने शांति नगर को गिरफ्तार कर लिया। मौके से उसके पास शराब की बोतल बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया की उसने अपने कमरे पर शराब का स्टॉक कर रखा हुआ है। उसकी निशानदेही पर कमरे से 350 लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह शराब सतीश राउत की है और वह उसके कहने पर कमीशन पर शराब बेचने का काम करता है। शराब का स्टॉक होली के दिन बेचने के लिए कर रखा था।

**मेट्रो एंकर** पहले 24 लाख लिए व 10 लाख लौटाकर जीता भरोसा, फिर मांगने लगे 60 लाख, जालसाजों की खोजबीन शुरू

# इंग्लैड के नंबर से मेजर को कॉल, शेयर में निवेश के नाम पर 14 लाख ठगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर सायबर जालसाजों ने श्री ईएमई सेंटर में पदस्थ मेजर को 14 लाख रुपए की चपत लगा दी। जालसाजों ने इंग्लैंड के नंबर से कॉल कर मेजर को पहले भरोसा दिलाया और फिर रकम दो से तीन गुना करने का झांसा देकर अधिक पैसा निवेश करने का दबाव डाला। पुलिस ने सायबर जालसाजी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।




पुसि के मुताबिक मूलरूप से पठानकोट पंजाब निवासी आशीष चौधरी (35) यहां बैरागढ़ स्थित श्री ईएमई सेंटर में मेजर के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें अप्रैल 2024 में इंग्लैड के मोबाइल नंबर से वॉट्सएप पर कॉल आई और सायबर जालसाजों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 14 लाख से अधिक की ठगी कर ली। ठगी का आभास होने के बाद फरियादी मेजर ने सायबर सेल में शिकायत की। जांच के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जालसाजों ने आईपी एड्रेस छिपाने के लिए इंग्लैंड के नंबर से कॉल किया था। वॉट्सएप पर कॉल करने के बाद उन्हें एक ग्रुप से जुडऩे की लिंक आई। लिंक के जरिए जब से वॉट्सएप ग्रुप में जुड़ गए तो उन्हें शेयर मार्केट में निवेश करने पर भारी मुनाफे के मैसेज आने शुरू हो गए।

### आईपीओ के नाम पर जालसाजी

सायबर सेल के मुताबिक जालसाजों ने 14 लाख रुपए मेजर के आईपीओ आवंटन में लगाने का झांसा दिया। जब आईपीओ नहीं मिला तो मेजर अपना पैसा वापस निकालने का प्रयास करने लगे लेकिन काफी प्रयास करने के बाद भी पैसा नहीं निकला। इसके बाद जिस एप के जरिए उन्होंने निवेश किया था उसके कथित संचालकों से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि आपको 60 लाख रुपए का आईपीओ शेयर आवंटित किया गया है।

### लालच में न गंवाए जमा पूंजी

पुलिस उप आयुक्त सायबर सेल अखिल पटेल ने बताया कि सायबर जालसाज मोटे मुनाफे या रकम तीन से चार गुना होने का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। फर्जी एप के जरिए अच्छा रिटर्न का ऑफर देकर सायबर जालसाज ठगी करते हैं। इसके साथ ही शेयर ट्रेडिंग की रजिस्टर्ड संस्थाओं की मिलती-जुलती वेबसाइट बनाकर सायबर जालसाज लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022